# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–14 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

**एक राष्ट्र एक चुनाव** से संबंधित दो विधेयकों को सोमवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा । केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल इससे संबंधित एक सौ उन्तीसवां संविधान संशोधन विधेयक और केन्द्र शासित क्षेत्र संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति ने **एक राष्ट्र एक चुनाव** विधेयक के पेश होने से पहले राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों समेत सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया है। यह विधेयक पास होने पर **एक राष्ट्र एक चुनाव** का सिद्धांत दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जाएंगे, जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकायों के चुनाव आम चुनावों के सौ दिनों के भीतर कराये जाएंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान–एसजीपीजीआईएमएस के इकतालिसवें स्थापना दिवस समारोह में आज हिस्सा लिया। उन्होंने संस्थान के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को वार्षिक और अनुसंधान पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ भारत आवश्यक है । उनकी सरकार एक वर्ष में अठारह मेडिकल कॉलेज खोल रही है। श्री योगी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग मेडिकल क्षेत्र को और बेहतर बनाने की दिशा में करने के लिए एक बड़े केंद्र के तौर पर एसजीपीजीआईएमएस को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद रहे।

**********

वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय का एक सौ चौथा दीक्षांत समारोह आज धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर तीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विश्विद्यालय के पूर्व छात्र व जेड स्केलर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जय चौधरी ने इस अवसर पर अपने अनुभव विद्यार्थियों से साझा किये। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ बुनियादी सहयोग भी जरूरी है। इस बात का सभी विद्यार्थियों को ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति सुधीर जैन के साथ कई अन्य गणमान्य लोग और शिक्षकगण मौजूद रहे।

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ा कर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। यह फैसला अगले वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगा। रिजर्व बैंक के इस निर्णय का उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। यह कदम विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए ऋण की पहुंच को बढ़ावा देगा। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की मांग भी बढ़ेगी जिससे किसान, कृषि कार्यों में निवेश और अपनी आजीविका में सुधार कर सकेंगे।

**********

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए वाराणसी में भी मुकम्मल इंतजाम किये जा रहे हैं। राजकीय रेलवे पुलिस वाराणसी परिक्षेत्र के उप महानिरीक्षक राहुल राज ने वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पहुंच कर आज तैयारियों का जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान वाराणसी में ट्रेनों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए राजकीय रेलवे पुलिस पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि प्लेटफार्म पर डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस टीम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहेगी। मुगलसराय स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर भी पीएसी की एक अतिरिक्त कंपनी तैनात की जाएगी।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशती वर्ष के उपलक्ष्य में आज से लखनऊ में खेल महोत्सव के दूसरे संस्करण की शुरूआत हुई। क्री ड़ा भारती की तरफ से हो रहे इस आयोजन की कड़ी में लखनऊ के दस नब्बे चौराहे पर अटल रन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। खेल महोत्सव का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि अटल रन और महोत्सव के दौरान होने वाली प्रतियोगिताओं से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ साथ युवाओं को देश और समाज की सेवा में सबसे आगे रहने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर भाजपा नेता नीरज सिंह भी मौजूद रहे।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, श्रावस्ती और आजमगढ़ मंडलों के कई जिलों समेत प्रदेश के भी कुछ जिलों में कल भी शीतलहर जारी रहेगी। साथ ही देर रात और सुबह के समय हल्का से लेकर मध्यम कोहरा भी छाया रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार सोलह दिसम्बर को गोरखपुर, संतकबीरनगर और बस्ती जिलों के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश आधा दर्जन से अधिक जिलों में शीतलहर का असर कायम रहेगा। वहीं, सत्रह दिसम्बर को गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़ और देवी पाटन मंडलों के जिलों समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में रात में और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा।

**********